## संक्षिप्त समाचार

### कोतवाली देहात पुलिस ने लड़की भगाने वाले दुराचारी को दबोचा, कोर्ट में पेश किया



**गोण्डा।** जनपद गोण्डा में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक गोण्डा के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज रावत के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को. देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत वांछित अभियुक्त 01. अनुज को थाना कोतवाली देहात पुलिस के द्वारा सोनबरसा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को. देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। वादी द्वारा थाना को. देहात पर सूचना दिया कि मेरी नाबालिक लड़की को विपक्षी द्वारा बहला-फुसला कर भगा ले गये है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में बनाम अनुज के विरूद्ध सुसंगत अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना को. देहात की पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत वांछित अभियुक्त 01. अनुज पुत्र त्रिभुवन निवासी धन्नी मिश्र पुरवा मौजा जहदरिया थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को थाना कोतवाली देहात पुलिस के द्वारा सोनबरसा चौराहे के पास थाना कोतवाली नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। पीडिंता के वयान के आधार पर अभियोग में धारा 376 भादवि व 3/4पास्को एक्ट की बढोत्तरी किया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### कौड़िया पुलिस ने दुराचारी को दबोचा



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चन्द्रपाल शर्मा के नेतृत्व में गठित थाना कौड़िया पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त श्याम बिहारी उर्फ हरि श्याम को बनगाई रेलवे स्टेशन मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थाना कौड़िया क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना कौड़िया में लिखित तहरीर दी गयी की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। वादी की तहरीर पर थाना कौड़िया में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उ0नि0 सुरेश कुमार सिंह द्वारा की जा रही थी। विवचेना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त श्याम बिहारी उर्फ हरि श्याम को थाना कौड़िया पुलिस द्वारा आज दिनांक 08.03.2024 को कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा 164 सीआरपीसी के तहत दिए गए बयान के तहत धारा 376 भादवि व 5एल/6 पॉक्सो ऐक्ट की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कौड़िया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### महाशिवरात्रि पर गोण्डा के शिवालयों में पुलिस का पहरा, शिवालयों में गूँजा हर हर महादेव



**गोण्डा।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा को. नगर स्थित बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर का भ्रमण,निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोण्डा के सभी शिवालयों में पृथ्वी नाथ शिवमंदिर खरगूपुर में तथा शहर के दुःखहरन नाथ शिवमंदिर तथा करनैलगंज के बरखण्डी नाथ,व मनकापुर में करोहर नाथ व बालेश्वर नाथ पर शिव भक्तों के हर हर महादेव की शिवालयों में गूँज रही। जिले में महाशिवरात्रि पर माहौल भक्ति मय हो गया ।लोग देर रात्री से ही जलाभिषेक कर अपने ईष्ट महादेव की पूजा आराधना की ।जिले के शिवालयों में भारी पुलिस बल तैनात रहा। ताकि अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने में कामयाब न हो सके। इस अवसर पर भारी तादाद में लोग मौजूद रहे जहाँ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मोर्चा संभाले रखा ।हर शिवालयों पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की जाँच जिले के दो अपर पुलिस अधीक्षक तथा चारों सर्किल के सीओ ने किया। माहौल इतना भक्ति मय रहा कि छोटे छोटे बच्चों महिलाओं, बुजुर्ग भोर से ही लाईन में लगे जलाभिषेक कर अपने ईष्ट महादेव की पूजा आराधना करने में अपनी बारी का इंतज़ार करते हुये नजर आये ।सभी शिवालयों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जहां लोग अपने मस्तक पर तिलक लगाये ।हर हर महादेव के नारे लगाते रहे ।और महिलाओ और बच्चों ने भी हिस्सा लिया।

### खोड़ारे पुलिस ने दुराचारी को दबोचा



**गोण्डा ।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना खोड़ारे क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की द्वारा थाना खोड़ारे में लिखित तहरीर दी गयी की विपक्षी मनोज कुमार पुत्र तिलकराम द्वारा उसके साथ दुराचार किया गया है। वादिनी की तहरीर पर थाना खोड़ारे में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रदीप कुमार गंगवार द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त मनोज कुमार को आज दिनांक 08.03.2024 को थाना खोड़ारे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया।

### बालपुर में फर्नीचर शो रूम का उद्घाटन




**गोण्डा ।** जिले के बालपुर कस्बे में बालपुर परसपुर रोड पर बाबा फर्नीचर शो रूम का उद्घाटन आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हुआ ।कस्बे ब्यापारी एवं जिला पंचायत हलधरमऊ पूर्वी भाजपा प्रत्याशी शिव कुमार भारती बाबा ने उक्त दुकान को खोला ।इस अवसर पर भारी तादाद में लोग मौजूद रहे जहाँ विधिवत पूजन से बाद फर्नीचर शोरूम का शुभारम्भ किया गया ।अब अच्छे फर्नीचर बालपुर बाजार में बाबा फर्नीचर पर मिल सकेगा। इससे पहले लोगों उच्चकोटि के फर्नीचर के लिए गोण्डा और करनैलगंज की दुकानों से सम्पर्क स्थापित करना पडता था।

# हापुड़ की थाना कपूरपुर पुलिस को लगी एक बड़ी सफलता हाथ

## थाना अध्यक्ष आशीष कुमार और उनकी विश्वसनीय टीम ने बेहद सराहनीय काम किया

**तेजयुग न्यूज**

**हापुड़ :** 2024 लोकसभा चुनाव होने में अब ज्यादा वक्त नहीं है इससे पहले समाज के कुछ असामाजिक तत्वों पर लगाम कसना बेहद जरूरी है। जिसके चलते हुए जनपद हापुड़ का पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। वही जनपद हापुड़ की थाना कपूरपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां कपूरपुर थाना अध्यक्ष आशीष कुमार और उनकी विश्वसनीय टीम ने बेहद सराहनीय काम किया है।।

आपको बता दे की कपूरपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार और उनकी टीम ने एक अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही आपको बताते चलें कि जनपद हापुड़ में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र बनाने अथवा बेचने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से 10 अवैध तमंचे एक राइफल, एक बंदूक एक अधबना तमंचा, आदि बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध शस्त्रों को बनाकर डिमांड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करता था।

गिरफ्तार अभियुक्त एनसीआर क्षेत्र के जनपदों में प्रत्येक अवैध तमंचे को लगभग 5 से 7000 रुपए राइफल को 15 से 20000 और बंदूक को 10 से 12000 में बेचकर के आर्थिक लाभ कमाता था। वही आपको बताते चले कि गिरफ्तार अभियुक्त गुण शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना धौलाना में आर्म्स एक्ट आदि के अभियोग पंजीकृत हैं। तथा अन्य आपराधिक इतिहास के संबंध में भी जानकारी की जा रही है। वहीं आपको बताते चले कि लोकसभा चुनाव से पहले जनपद हापुड़ की कपूरपुर पुलिस ने जिस तरह का कार्य किया है यह बेहद में सराहनीय है वही इस संबंध में जनपद हापुड़ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल जी ने क्या कुछ कहा है लिए आपको दिखाते हैं।






# अंतरराष्ट्रीय शोध रत्न 2024 अवार्ड प्रो. राय को किया गया प्रदान

**तेजयुग न्यूज**



**अयोध्या :** का.सु.साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या के विधि विभागाध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार राय को उत्कृष्ट शोध-कार्य एवं पुस्तक लेखन के लिए शोध-रत्न अंतरराष्ट्रीय अवार्ड 2024 प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार महाराष्ट्र की नव साहित्यकार प्रकाशन नांदेड़ नामक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने प्रदान किया है। प्रो.राय को हाल ही में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा डॉ.राजेंद्र प्रसाद विधि राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। प्रो. राय को इसके पूर्व राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2021उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किया जा चुका हैं।

उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नामित पुरस्कार 2018 उत्कृष्ट पुस्तक लेखन के लिए प्रदान किया जा चुका है। प्रो.राय को समसामयिक उत्कृष्ट पुस्तक लेखन के लिए माननीय प्रधानमंत्री एवं कुलाधिपति उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्राप्त हो चुके हैं । प्रो.राय के द्वारा लिखित 22 विधि पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं एवं 85 शोध-पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जनरल में प्रकाशित हो चुके हैं। प्रो. राय वर्तमान में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के विधि-संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं। इस अवार्ड की प्राप्ति पर अवध विश्वविद्यालय एवं साकेत महाविद्यालय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने खुशी का इजहार किया है।

# अयोध्या धाम व ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों मे गुंजा हर हर महादेव की गूंज



**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** महा शिवरात्रि के अवसर पर धाम स्थित भगवान श्रीराम के पुत्र कुश द्वारा स्थापित नागेश्वरनाथ मन्दिर से लेकर सोहावल तहसील नगर एवं ग्राम पंचायत के शिवालयो मे शिवरात्रि के महोत्सव पर सुबह चार बजे से भक्तो की भारी भीड रही। जलाभिषेक करने वाली नारी शक्ति के साथ पुरूषो की लंबी कतारें लगी रही।

श्री सिद्धेश्वर नाथ मन्दिर महादेव पुर महोली पर सुबह से भक्तों की भारी भीड़ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ी भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। इसी बीच ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ने अपने परिजनों तथा क्षेत्र के अन्य भक्त गणों ने जलाभिषेक किया। स्वयंभू दिगम्बर नाथ मंदिर बरई कला मे सुबह लीला धर समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश स्वर्णकार मंत्री अशोक मिश्रा की अगुवाई मे हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

बडागांव बाजार मंदिर तथा धन्नीपुर शिवालय से बाबा भोलेनाथ भंडारी मां पार्वती की बारात निकाली गयी। शनिवार को प्रसाद वितरण भंडारे के लिए करेरू स्थिति बाबा अलखनाथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी बडागांव चाणक्य पुरी जितेंद्र तिवारी, दिलीप,सिंह डेरामूसी, तथा दक्षिणपारा के शिवालयो मे ओम नम शिवाय नामी की चौबीस घंटे के जाप शुरु हुआ। नील कण्ठ मन्दिर सुरवारी बाम देव आश्रम चवनि मुनि आश्रम शिव बाबा आदि स्थानों पर भी भक्तों की भारी भीड़ ने देवों के देव महादेव का जलाभिषेक किया।

# कार की चपेट में आकर बारह वर्षीय किशोरी की मौत



**मिल्कीपुर/तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** जनपद के खण्डासा थाना क्षेत्र के मिश्रौली पूरे झाम दास गाँव में कार की चपेट में आकर 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गयी। मृतक बालिका की मां ने बताया कि मेरी बेटी कोमल 12 वर्ष आर ओ से पानी पीने ब्लाक प्रमुख के ही दरवाजे पर गयी थी तभी अचानक पीछे से राजेश कुमार की कार ने टक्कर मार दी और बालिका की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची खण्डासा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बन्ध थाना प्रभारी ने बताया अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बसपा ने अमरोहा लोस से अपने प्रत्याशी को मैदान में उतारने का किया ऐलान

## अमरोहा लोकसभा के उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन जनता जनार्दन से मुखातिब होने पहुंचे

**तेजयुग न्यूज**

**हापुड़ :** 2024 लोकसभा महासंग्राम का बिगुल क्या बजा सभी सियासी दलों ने अपने-अपने धुरंधरों को अखाड़े में उतारने का फैसला कर लिया इसी बीच बसपा सुप्रीमो ने भी अमरोहा लोकसभा से अपने सिपाही को मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया।

जिसके चलते बसपा के अमरोहा लोकसभा के उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन जनता जनार्दन से मुखातिब होने पहुंचे। जिसके चलते हुए अब यह मैसेज आम जानमानस में फैल गया है कि आखिर बीएसपी सुप्रीमो आला कमान अब इसमें क्या निर्णय लेंगी। निर्णय इसी प्रत्याशी को लेकर के अडिग रहेगा या कोई नया नया चेहरा सामने आएगा। क्योंकि जिस तरीके से अटकलें यहां पर लगाई जा रही हैं। अमरोहा लोकसभा की जो ये सीट है




यह बेहद ही पेचीदा सीट है।

यहां पर अटकलें यह भी लगाई जा रही है कि गठबंधन अगर मजबूत नहीं होता है तो कहीं दूसरा पक्ष बाजी ना मर जाए। एक दूसरे को सही और गलत साबित करने की बजाय गठबंधन कितना मजबूत किया जाए यहां यह विचारने वाली बात है। आपको बता दें पिछली लोकसभा चुनाव में ये सीट बसपा के खाते में रही थी जिसके चलते हुए इस बार भी इस सीट को मजबूती के साथ देखा जा रहा है। मगर इस बार गठबंधन अलग है तो क्या गठबंधन के साथ में बीएसपी सुप्रीमो आएंगी। या वह अपने बैनर के तले ही चुनाव लड़ेंगे। वहीं अब देखने वाली बात यहां यह होगी कि जिस तरीके से अमरोहा लोकसभा की सीट पर अटकलें लगाई जा रही है तो जनता जनार्दन किसे अपना सरताज स्वीकार करेगी।

# प्राचीन धार्मिक स्थल मां ज्वाला मंदिर पर अखंड ज्योति की हुई स्थापना





**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** सोहावल क्षेत्र की नगर पंचायत खिरौनी में स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल मां ज्वाला माई स्थान पर हिमांचल प्रदेश से लाई गई अखंड ज्योति की विधि विधान से स्थापना की गई। मां ज्वाला अखंड ज्योति स्थापित होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया है।

नगर पंचायत खिरौनी में मां ज्वाला माई मंदिर के निर्माण कार्य सहित देखरेख और संरक्षक पूर्व सभापति साधन सहकारी समिति खिरौनी सतनाम सिंह ने बताया कि बीते 20 फरवरी को हिमांचल प्रदेश में स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर शक्तिपीठ से अखंड ज्योति जलाई गई। इसके बाद यह जलती हुई अखंड ज्योति यहां लाई गई थी। इस दौरान शोभा यात्रा आदि विविध पूजा अनुष्ठान के साथ कल शुक्रवार को महाशिव रात्रि पर्व के दिन माता के अखंड ज्योति की स्थापना की गई। सतनाम सिंह ने बताया कि अखंड ज्योति की स्थापना में नगर पंचायत क्षेत्र के समस्त वासी सहित हमारे अभिन्न मित्रों का सहयोग बना रहा। लोग ऐसे ही मंदिर की भव्यता में अपना सहयोग प्रदान करते रहे। जिससे मंदिर का नियमित विकास होता रहे। मंदिर के महंत राधा कृष्णा पादानुपात केरल निवासी ने बताया कि मां ज्वाला मां मंदिर में स्थापित अखंड ज्योति हमेशा जलती रहेगी। महा शिवरात्रि पर्व के दिन अखंड ज्योति की स्थापना के अवसर पर इंद्रपाल सिंह, अशोक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीपू पांडेय, कुलदीप सिंह, रवि कुमार सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वेबिनार का आयोजन


## वेदों में स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान प्रदान किया गया : पूर्व कुलपति प्रो. चन्द्रकला

**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ एवं एक्टीविटीज क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'इन्वेस्ट इन वूमेनः एक्सीलरेट प्रोग्रेस' विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, राजस्थान की पूर्व कुलपति प्रो. चंद्रकला पाडिया रही। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास ही सही मायने में इस दिवस की सार्थकता है। सभी को नारियों को देवियों और माता की भांति सम्मान देना चाहिए। वेदों में स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है फिर भी हम अपने छात्रों को कभी भी वेदों में शामिल भारतीय नारीवाद के बारे में नहीं पढ़ाते है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। जिसमें हमें बताया गया है कि एक मां सर्वश्रेष्ठ गुरु है। नारी अदम्य क्षमताओं का द्योतक है। अगर उन क्षमताओं का समाज में सम्मान के साथ उपयोग किया जाए तो किसी भी समाज के विकास को रोका नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में जन्मजात बहुत से ऐसे गुण पाए जाते हैं। उन्हीं गुणों के अनुरूप अगर समाज में क्रियाकलापों का संचार किया जाए तो किसी भी देश के




विकास को गति मिलेगी। सभी को एक संकल्प लेने की प्रेरणा देते हुए कहा कि उठें, जागें और सर्वप्रथम अपने मन के भीतर की परतंत्रता का भाव हटाकर किसी एक कन्या को शिक्षित संस्कारवान व सामर्थ बनाने का संकल्प लें। वेबिनार में विशिष्ट अतिथि देवा मेमोरियल हास्पिटल नेत्र सर्जन डा. दीप्ति वर्मा कहा कि पुरुषों और महिलाओं की अलग अलग जरुरतों और क्षमताओं पर समान ध्यान देना चाहिए। उनके कार्य के आधार पर उन्हें बाटना नही चाहिए। महिलाओं को शिक्षित कर स्वावलंबी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप पर स्वस्थ महिला ही अपने परिवार की बागडोर को मजबूती से पकड़ सकती है और परिवार को समाज में उचित सम्मान दिलाने में सहयोग कर सकती है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ समारोह की समन्वयक प्रो. तुहीना वर्मा ने बताया कि किसी भी देश की प्रगति का आकलन वहां की नारियों की स्थिति को देखकर किया जा सकता है। नारियों में दुर्गा, काली, सरस्वती आदि शक्तियों का वास होता है। जब महिला सशक्त होगी तो पूरा परिवार सशक्त होगा यदि नारियों के विकास हेतु सभी प्रयास करेंगे तो निश्चित ही हमारे राष्ट्र का विकास होगा। एक्टिविटी क्लब के समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन डॉ. मनीषा यादव ने किया। वेबिनार में प्रकोष्ठ की डॉ. महिमा चैरसिया, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, इंजीनियर निधि प्रसाद, डॉ. स्नेहा पटेल, गायत्री वर्मा, वल्लभी तिवारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में 332 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, 71 हुए सफल

**खड्डा/कुशीनगर :** नेबुआ-नौरंगिया विकास खण्ड के राजकीय आईटीआई नौरंगिया में गुरुवार को पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला उ.प्र. कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ वरिष्ठ कार्यदेशक पारसनाथ वर्मा ने किया। ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने रोजगार आपके द्वार को युवाओं के लिये अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरित किया। रोजगार मेला में 10 नियोक्ता कम्पनी क्रमशः याकोहमा टायर, अशोका लिलेण्ड प्रा.लि, एल एण्ड टी माइक्रो फायनेन्स, नवोदित फाउण्डेशन, जय भारत मारूती, ल्यूमेक्स प्रा.लि, डिक्सीटील, क्वालिटी ऑस्ट्रिया प्रा0लि0, एस0बी0आई0 क्रेडिट कार्ड ने प्रतिभाग किया है।

# अपराध की रोकथाम को लेकर हापुड़ पुलिस ने निकाला पैदल फ्लेग मार्च



**तेजयुग न्यूज**

**हापुड़ :** जनपद हापुड़ मैं अपराध की रोकथाम को लेकर हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कड़े निर्देश को लेकर थाना सिंभावली पुलिस वह साथ में पैरामिलिट्री फोर्स ने थाना सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत निकाला पैदल फ़्लेग मार्च आने वाले चुनावों को लेकर जनता को दिलाया सुरक्षा का ऐहसास सभी थाना प्रभारीयों को हापुड़ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कड़े निर्देश कोई भी लापरवाही नहीं होंगी बर्दास्त लापरवाही दिखाने पर की जाएगी सख्त कार्यवाही।